## संक्षिप्त ख़बरें

### मोबाइल फोन गायब होते ही खाते से निकल गये पैसे

**पटहेरवा।** दुकान पर रखे दुकानदार का मोबाइल गायब हो गया जबतक दुकानदार सिम बंद करता खाते से 54 हजार रुपए निकल गया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी है। थाना क्षेत्र के सठियाव महुआ टोला निवासी आजाद सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया था कि 14 अप्रैल को मोबाइल अपने दुकान के काउंटर पर रख अंदर गया उसी दौरान कोई मोबाइल उठा ले गया।खोज बिन किया लेकिन मोबाइल का पता नहीं चला। जबतक सिम बंद कराता खाते से 54 हजार रुपए निकल गए।पीड़ित ने मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की थी।पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

### आम तोड़ने को लेकर हुई मारपीट

**पटहेरवा।** क्षेत्र के पुरैना कटेया की एक महिला ने आम तोड़ने को लेकर पट्टीदारी की एक महिला द्वारा पुत्र को मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है।महिला की तहरी पर पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है। क्षेत्र के पुरैना कटेया गांव की विद्यावती देवी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया था कि 22 अप्रैल को इसका पुत्र अंशील शर्मा आम तोड़ने बगीचे में गया था।आम तोड़ने की बात को लेकर पट्टीदार सुमंत शर्मा की पत्नी अनुराध शर्मा ने अंशील को गाली देते हुए लात मुके से मारा पीटा।महिला का आरोप है 1 मई को उसी घटना को लेकर दरवाजे पर आ गए और कहा कि फिर बगीचे में आम तोड़ने गए तो जान से मरवा देंगे।महिला की तहरीर पर पुलिस आरोपी के अनुराध शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी है।

### टप्पेबाजों ने बाइक सवार महिला का छीना पर्स

**हाटा, कुशीनगर।** बीती देर रात कोतवाली क्षेत्र के पकवाइनार के पास बुलेट एजेंसी के सामने एनएच 28 पर एक बाइक सवार पति पत्नी रिस्तेदारी से अपने घर जा रहे थे कि पीछे से बाइक सवार दो टप्पेबाजों ने महिला का पर्स छीनकर सुकरौली के तरफ भाग निकले। घटना के बाद महिला के पति ने पुलिस को फोन के जरिये सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। हाटा कोतवाली के गांव पिपरा उर्फ तितला निवासी संतोष सिंह पुत्र भगेलू सिंह अपने पत्नी के साथ शनिवार को महुआडीह थानाक्षेत्र के गांव भूड़ीपाकड़ अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में गये हुए थे कि शादी समारोह में शामिल होकर देर रात घर वापस आ रहें थे। हाटा कोतवाली के पकवाइनार के पास बुलेट एजेंसी के सामने हाइवे पर बाइक सवार पति पत्नी पहुंचे थे कि पीछे से जा रहे बाइक सवार दो टप्पेबाजों ने महिला का पर्स छीनकर भाग निकले। जिसमें एक एंड्रॉयड स्मार्टफोन तथा दो हजार रुपए था। घटना के बाद महिला के पति संतोष ने पुलिस को सूचना दी। इस संबंध में कोतवाल संजय कुमार दुबे ने बताया कि मामला संज्ञान में है। शीघ्र ही इसका खुलासा कर दिया जाएगा।

### लुंबिनी से विश्व शांति का संदेश, सनातन संस्कृति के प्रसार का लिया गया संकल्प

**सोनौली।** पूरे विश्व में शांति, अहिंसा और करुणा का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी, नेपाल में विश्व शांति धाम का निर्माण कराया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर बढ़ रही अशांति के बीच मानवता को शांतिपूर्ण संवाद और आपसी सद्भाव के माध्यम से एकजुट करने के लक्ष्य के साथ इस परियोजना को आकार दिया जा रहा है। विश्व शांति धाम में संग्रहालय, पुस्तकालय, ध्यान केंद्र और कॉन्फ्रेंस हॉल का निर्माण किया जा रहा है। इसके सबसे ऊपरी तल



पर भगवान बुद्ध को जन्म देने वाली माता माया देवी की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस धाम के निर्माण के बाद दुनिया भर से विद्यार्थी, शोधकर्ता और विद्वान यहां पहुंचकर शांति, अध्यात्म और मानवता के विषयों पर अध्ययन और चर्चा कर सकेंगे। इस धाम की वास्तुकला कमल के फूल, मक्खन के दीपक और स्तूप की आकृति से प्रेरित है। यह केंद्र बिना किसी भेदभाव के मानवता को एक सूत्र में बांधने और विश्व शांति की नई दिशा देने के उद्देश्य से विकसित किया जा रहा है। यहां एक हजार से अधिक लोगों की क्षमता वाला सभागार, संग्रहालय, पुस्तकालय, शाकाहारी भोजनालय और भिक्षुओं के लिए आवासीय व्यवस्था भी प्रस्तावित है। विश्व शांति धाम के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे धर्मगुरु एवं लेखक श्यालपा तेनजिन रिनपोचे ने बताया कि भगवान बुद्ध का जन्म लुंबिनी में हुआ था और माता माया देवी समस्त मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि यह शांति केंद्र पूरे विश्व को एक परिवार मानते हुए शांति और आध्यात्मिकता का संदेश देगा। इस अवसर पर धर्मगुरु ने अपनी लिखी पुस्तक 'मुक्ति का मार्ग' का विमोचन भी किया। इससे पहले इस पुस्तक का विमोचन बोधगया में किया गया था। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल के बुद्ध सर्किट को बढ़ावा देने के साथ सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने की आवश्यकता है, जिससे विश्व में स्थायी शांति स्थापित हो सके।

### महिला ने की आत्महत्या

**नगर बाजार, बस्ती।** एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 28 वर्षीय गर्भवती महिला ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है और परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत नगर बाजार के टेमा वार्ड में अजय की पत्नी साधना 28 वर्ष का किसी बात को लेकर घर में विवाद हो गया था। बताया जा रहा है कि इसी तनाव के चलते शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे उसने घर के अंदर फंदे से लटककर जान दे दी। घटना की जानकारी होते ही स्वजन आनन-फानन में उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवटिया बाबू पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# चलती बस बनी आग का गोला, टला हादसा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कुशीनगर, सलेमगढ़।** तरया सुजान थाना क्षेत्र में बहादुरपुर पुलिस चौकी अंतर्गत नेशनल हाईवे 27 पर आज बीती देर रात को एक बड़ा हादसा होते- होते बच गया, जब नेशनल हाईवे पर दौड़ रही एक लग्जरी बस में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग का गोला बन गई। दुर्घटना आज 3 मई की रात करीब दो बजे की बताई जा रही है। सलेमगढ़ नेशनल हाईवे पर स्थित मारुति शो रूम से थोड़ा पश्चिम में हाईवे पर ही बस धू- धू कर जल उठी।

मिली जानकारी के अनुसार अभी ट्रेवल्स का बस जयपुर राजस्थान से चलकर पश्चिम बंगाल जा रही थी। वहां से चुनाव ड्यूटी खत्म होने पर रिजर्व पार्टी को लाना था। बस जैसे ही थाना क्षेत्र के बहादुरपुर पुलिस चौकी अंतर्गत सलेमगढ़ के पास पहुंची। अचानक उसमें धुआं निकलने लगा। चालक कुछ समझ पाता उससे पहले ही आग की लपटें तेज



हो गईं। स्थिति को भांपते हुए चालक ने तुरंत बस को सड़क किनारे खड़ा कर दिया।

संयोगवश बस में केवल चालक रमेश निवासी झुंझुनू और बस मालिक मान सिंह निवासी जयपुर राजस्थान ही सवार थे। जिससे बड़ी जनहानि नहीं हुई। हालांकि देखते ही देखते पूरी लग्जरी बस आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गई।

बस मालिक मान सिंह ने बताया कि बस में दो ड्रमों में डीजल भी रखा हुआ था। लेकिन राहत भरी बात यह रही कि डीजल टैंक और ड्रम फटे नहीं। अगर उसमें आग लग जाता तो और भी भयावह रूप ले सकती थी। जिससे आसपास के क्षेत्र में भारी नुकसान और तबाही हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान राम सहाय चौहान अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर के साथ ही फायर ब्रिगेड की टीम के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब बहुत ही देर हो चुका था, और बस पूरी तरह जल गया।

इस दुर्घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और वाहनों की तकनीकी जांच की कमियों को जरूरत उजागर कर दिया है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन नुकसान काफी बड़ा हुआ है।

# विद्युत की चपेट में आने से टेंट कर्मी की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**सिन्दुरियां, महराजगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा मोहनापुर में शनिवार की रात करीब 7.30 बजे टेंट का सामान उतारते समय करंट लग जाने से एक नवयुवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। उक्त नजारा देख अपरा तफरी मच गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दिये। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।



सिन्दुरिया थाना क्षेत्र के ग्रामसभा मोहनापुर के मंठहिया टोला निवासी 22 वर्षीय अमन पुत्र सुभाष गांव के ही शारदा गुप्ता के टेंट की दुकान पर काम करता था। शनिवार की रात करीब 7. 30 बजे टेंट का सामान ट्राली से लेकर शारदा गुप्ता के टेंट की गोदाम में रखने के लिए अमन उतर रहा था। उसी दौरान लोहे की एक पाइप शारदा गुप्ता के मकान के सामने स्थित ट्रांसफार्मर में सट गयी, जिससे पाइप में करंट उतर गया और घटनास्थल पर ही विद्युत की चपेट में आने से अमन भारती की मौत हो गयी। आनन - फानन में अमन को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे घोषित कर दिया। इस संबंध में सिन्दुरिया थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# धूमधाम से मना वशिष्ठ महोत्सव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** वशिष्ठ महोत्सव आयोजन समिति ने रविवार को महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई कर नमन किया। राना दिनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में अनेक



सामाजिक कार्यकताओं ने लाल बहादुर शास्त्री, महाराणा प्रताप, सुभाष चन्द्र बोस, पंडित जवाहर लाल नेहरू, बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर, सरदार भगत सिंह, लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल, महात्मा गांधी, अमर बलिदानी राजा उदय प्रताप नारायण सिंह, युग पुरुष स्वामी विवेकानन्द, संत कबीर, संत गाडगे, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, शिवहर्ष उपाध्याय की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया।

कार्यकताओं ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर जयकारे लगाए। प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक चले इस अभियान को भारी वर्षा भी प्रभावित नहीं कर पाई।

इस अवसर पर वशिष्ठ महोत्सव के कार्यक्रम संयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि महापुरुषों के प्रति सम्मान प्रकट करना हमारा धर्म है। उन्होंने बताया कि जनपद के 161वें स्थापना दिवस पर 5, 6 एवं 7 मई को आयोजित वशिष्ठ महोत्सव के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। कहा कि अमर बलिदानी सत्यवान सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम परिसर में खेल, कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक संध्या के बीच वशिष्ठ महोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने जनपद वासियों से इस समारोह में सम्मिलित होने की अपील किया है। इस अवसर पर चंद्र मणि मिश्र, रणजीत सिंह, राजेश त्रिपाठी, विजय श्रीवास्तव, कैलाश मोहन श्रीवास्तव, राकेश पांडेय, आशीष सिंह, दिलीप शर्मा, जितेंद्र सिंह गुड्डू, अखिलेश गुप्ता, संजय पांडेय, श्रुति अग्रहरि, शिवन गुप्ता, विवेक सिंह, रोहित यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रेम सचिव व रमेश प्रतिनिधि निर्वाचित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बस्ती।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कार्यालय में उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था की मासिक बैठक उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था बस्ती के जिलाध्यक्ष जलालुद्दीन कुरैशी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन संगठन मंत्री बद्री प्रसाद चौधरी द्वारा किया गया। बैठक को अध्यक्ष जलालुद्दीन कुरैशी, मंडल अध्यक्ष विजय प्रताप पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लाल चंद वर्मा, मंडलीय सगठन मंत्री प्रेम प्रकाश लाल श्रीवास्तव, मंडल प्रतिनिधि रमेश चंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने संबोधित किया। बैठक में विशेष रूप से संगठन को बजबूत करने, सरकार द्वारा बनाए गए पेंशन विरोधी नीतियों के विरोध करने, संगठन का विस्तार करने पर सहमति बनी। बैठक में मंडल संगठन सचिव प्रेम प्रकाश लाल श्रीवास्तव एवं मंडल प्रतिनिधि रमेश चंद्र श्रीवास्तव का शपथ ग्रहण



कराया गया। इस दौरान राम जियावन गौतम, राम पलट, कार्यालय सचिव गौरी शंकर, संगठन सचिव राधे श्याम लाल श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री राम सागर चौधरी, कोषाध्यक्ष जोखन राम, उपमंत्री छोटे लाल, एडिटर दुर्बली प्रसाद, मोहम्मद सिराज अंसारी, राम केश, कपिल देव, अशोक लाल, विजय लक्ष्मी, हरिश चंद्र, कामता प्रसाद चौधरी, राम भरत पाल, बाबू राम, हरेंद्र लाल श्रीवास्तव, पवन कुमार शुक्ल, नेबू लाल, राम कृपाल चौधरी, सत्य नारायन चौधरी, ओम प्रकाश चौधरी उपाध्यक्ष, भगवती प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# ठगी करने वाली लुटेरी दुल्हन गिरोह का पर्दाफाश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो सिन्दुरियां, महराजगंज।** स्थानीय पुलिस द्वारा शादी के नाम पर ठगी करने वाली दुल्हन गिरोह का पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने पर्दाफाश किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि ठगी करने वाले गिरोह के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के दिये गये निर्देशन के क्रम में सिन्दुरिया थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, मय फोर्स द्वारा मु.अ.सं. 100/2026 से सम्बन्धित चार आरोपिता 50 वर्षीया लालती पत्नी स्व. श्रवण चौहान निवासिनी गौरी बढ़ैपूरवा थाना कोठीभार, 45वर्षीया सुमित्रा पत्नी उमेश चौहान निवासी पिपरामाफी थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर, 36 वर्षीया काजल पत्नी राजन गुप्ता निवासिनी चकबन्दी दक्षिणी टोला थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर एवं 21 वर्षीया अंजलिका पत्नी करन साहनी निवासी भेड़ियहवा टोला थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर को चिउटहा से सिन्दुरिया रोड पर चिउटहा बाजार के पास सम्पूर्ण ठगी किये गये सामान / ठगी किये गये नगद रूपये में से 39500 नगद व एक जोड़ा पायल सफेद धातु व एक अदद



मंगलसूत्र पीली धातु के साथ समय करीब 03.30 बजे गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि दिनांक 02.05.2026 को समय लगभग 22. 51 बजे वादी रंजीत चौहान पुत्र संतोष निवासी जनपद एटा, अपने परिजनों (पिता, भाई, मामा, जीजा) एवं वाहन चालक के साथ थाना सिन्दुरिया आकर लिखित प्रार्थना पत्र दिया। वादी द्वारा बताया गया कि 02 मई 2026 को समय लगभग 08. 00 बजे अभियुक्तगण 04 महिलाएं व एक व्यक्ति जितेन्द्र द्वारा सुनियोजित तरीके से शादी कराने के नाम पर धोखाधड़ी की गई।अभियुक्ताओं ने अंजलिका को पूजा नाम से अविवाहित बताकर वादी से विवाह तय कराया, जबकि वह पहले से विवाहित एवं एक बच्चे की माँ है। वादी को थाना क्षेत्र सिन्दुरिया स्थित मंदिर के पास बुलाकर शादी की रस्में कराई जाने लगीं। इस दौरान- 10,000 रूपये खाने-पीने के नाम पर, 90,000 रूपये शादी कराने के नाम पर,26,000 रूपये मूल्य का मंगलसूत्र, एक जोड़ी चाँदी की पायल धोखे से प्राप्त कर लिए गये ।

उक्त प्रकरण के आधार पर थाना सिन्दुरिया पर मु0अ0सं0 100/2026 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना उप निरीक्षक मिथलेश कुमार द्वारा प्रारम्भ की गई। विवेचना के दौरान दिनांक 03.05.2026 को पुलिस टीम द्वारा चिउटहा बाजार (सिन्दुरिया रोड) के पास से 04 अभियुक्ताओं लालती, सुमित्रा, काजल व अंजलिका को गिरफ्तार किया गया। साथ ही इनके पास से 39,500 रूपये नगद, एक जोड़ी पायल व एक मंगलसूत्र बरामद किया गया।

# भारत-नेपाल सीमा बढ़नी एसएसबी व एपीएफ की संयुक्त गश्त, सुरक्षा व्यवस्था हुई मजबूत

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** सशस्त्र सीमा बल की 50वीं वाहिनी, सीमा चौकी बढ़नी के जवानों द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर एपीएफ नेपाल के

- सीमावर्ती इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर, अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े विभिन्न संवेदनशील बिंदुओं का किया निरीक्षण

अधिकारियों के साथ संयुक्त गश्त (जॉइंट पेट्रोलिंग) की गई।

इस दौरान दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा क्षेत्र में समन्वय और सतर्कता को और मजबूत करने का संदेश दिया।संयुक्त गश्त के दौरान सीमावर्ती इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े विभिन्न



संवेदनशील बिंदुओं का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने सीमा सुरक्षा, अवैध तस्करी, मानव तस्करी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। एसएसबी सहायक कमांडेंट संजय केपी ने कहा कि इस प्रकार की संयुक्त गश्त से दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास और तालमेल मजबूत होता है, जिससे सीमा क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में सहायता मिलती है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सुरक्षा बलों की सक्रियता से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल और बेहतर हुआ है।

# श्रमिकों ने किया विरोध प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**वाल्टरगंज, बस्ती।** गोविंदनगर शुगर मिल में कार्यरत रहे रिटायर श्रमिक स्वर्गीय राम दरस राजभर ने बेटी के शादी के लिए अपना बकाया पैसा समय नहीं मिलने से आकस्मिक मृत्यु होने से नाराज़ मिल श्रमिकों ने गोविंदनगर शुगर मिल गेट पर जमकर विरोध किया, मिल श्रमिकों का कहना है कि मिल कर्मचारी रहे स्वर्गीय राम दरस राजभर ग्राम भरौली बाबू वॉल्टरगंज विगत कई महीनों से अपनी बेटी के शादी को लेकर मिल प्रबंधन व उच्च अधिकारियों के यहां चक्कर काटते रहे पर उन्को बकाया पैसा नहीं मिला मिल श्रमिकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि बकाया भुगतान न होने से हमारे रिटायर श्रमिक साथी का हृदयघात से आकस्मिक मृत्यु हो गई है।




विकास सिंह से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मिल श्रमिकों के साथ सरकार व मिल प्रबंधन के द्वारा असहनीय पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है और मिल श्रमिकों को चाहे अपनी बेटी की शादी को लेकर या अपने घर के जरूरतों को लेकर इसी तरह अपनी जान गंवानी पड़ेगी, जिसकी जिम्मेदारी मिल प्रबंधन की होगी विकास सिंह ने कड़े रुख अपनाते हुए कहा कि जल्द ही मिल श्रमिकों का बकाया पैसा भुगतान व मिल मरम्मत का कार्य पुनः करा कर मिल चालू नहीं किया गया, तो प्रबंधन व उच्च अधिकारियों सुन ले मिल श्रमिकों व किसानों के द्वारा आन्दोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

धरने में मौजूद विकास ठाकुर, महेन्द्र प्रताप चौधरी, रामतौल, संजय सिंह, शत्रुघ्न प्रकाश सिंह, विष्णु प्रताप सिंह, अजय कुमार सिंह, अनिल सिंह, मेवालाल विश्वकर्मा, रामजतन, हरिश्चंद्र, गगांदत्त त्रिपाठी, सत्येन्द्र बहादुर सिंह, सुनील कुमार राव, चितमान सिंह, झिनकान, रामचन्दर, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, राजकुमार सहित अन्य श्रमिक मौजूद रहे।

### ज्वेलर्स की दुकान में चोरी

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा कोतवाली के हाटा पिपराइच रोड पर सिंहपुर गांव के सामने बालेश्वर चौराहे पर स्थित अंजलि ज्वेलर्स व बर्तन स्टोर की दुकान शटर तोड़ कर लाखों रुपए की जेवरात चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। हाटा कोतवाली क्षेत्र के बालेश्वर चौराहा पर अमरेंद्र वर्मा की अंजलि ज्वेलर्स की दुकान है। जिसमें बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर रक्खे स्टील की एक छोटी आलमारी उठाकर बाहर नहर के किनारे लेजाकर उसमें रखा सात किलो चांदी सहित अन्य आभूषण उठा ले गये। अगले दिन सुबह दुकानदार को सूचना मिली कि दुकान का शटर टुटा हुआ है और पांच सौ मीटर की दुरी पर आलमारी व चाभी का गुच्छा मिला। सूचना पर पहुंची हाटा पुलिस ने सी सी टी बी कैमरा को खंगाला परंतु कैमरे बंद मिला। जिस दुकान में चोरी हुआ था वहा भी कैमरा लगा हुआ था परन्तु साक्ष्य में कुछ नहीं मिला।

# शिवेंद्र के आगमन को लेकर बनी रणनीति

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**महराजगंज।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर 5 मई को उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी शिवेंद्र सिंह के जनपद में प्रथम आगमन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने तथा जिला कार्यसमिति बैठक की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने की। जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि चौधरी शिवेंद्र सिंह का जनपद में पहला आगमन संगठन के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि स्वागत कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पार्टी की पहचान उसके अनुशासन और मजबूत संगठनात्मक क्षमता से होती है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी




निष्ठा के साथ करें। इस अवसर पर सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि चौधरी शिवेंद्र सिंह का आगमन जनपद के सहकारिता क्षेत्र के लिए नई ऊर्जा और नई दिशा प्रदान करेगा। बैठक में स्वागत कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए निर्णय लिया गया कि चौधरी शिवेंद्र सिंह के आगमन पर भव्य रैली, पुष्पवर्षा और माल्यार्पण के माध्यम से उनका अभिनंदन किया जाएगा। बैठक में जिला महामंत्री बबलू यादव, मधुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष शैलेश पांडेय, डॉ. फरीदा ईरम, प्रदीप उपाध्याय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सानंदन पटेल, जिला मंत्री ठाकुर रौनियार, बैजनाथ पटेल, नगर अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, सभासद विश्वाशर्मा पटेल, मुराली निगम, प्रद्युम्न शर्मा सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अपराध निरोधक समिति ने की बैठक, बनी रणनीति

**आनन्दनगर।** अपराध निरोधक समिति महराजगंज की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आनंद नगर स्थित चंद्रा पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया गया, जिसमें समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा संगठन की आगामी गतिविधियों और कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में सबसे पहले समिति द्वारा संचालित सेवा पथ छपाई कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान महराजगंज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा कार्य को गति देने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही समिति के सदस्यों के नवीनीकरण प्रक्रिया पर चर्चा हुई। बैठक में उन सदस्यों के पहचान पत्रों की स्थिति की भी समीक्षा की गई, जिन्हें अभी तक पहचान पत्र प्राप्त नहीं हो सका है। जिला सचिव श्रीनाथ धर दूबे ने सभी साथियों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में सहभागिता करने की अपील की।

# मिट्टी का टीला ढहने से मां-बेटी सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत, दो कि स्थिति गम्भीर

## कौशाम्बी में हृदयविदारक दर्दनाक हादसा : आखिर कब तक गरीबों को अपनी जान जोखिम में डालने की रहेगी मजबूरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद के मंझनपुर तहसील क्षेत्र अन्तर्गत चकथाम्भा गांव में रविवार सुबह एक हृदयविदारक दर्दनाक हादसे में मां-बेटी समेत तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये हैं। हादसा सुबह उस समय हुआ जब गांव की महिलायें व बेटियां घर की लिपाई-पुताई के लिये तालाब के किनारे से मिट्टी निकाल रहे थे। तभी उन लोगों के ऊपर अचानक मिट्टी का ऊपरी टीला भरभराकर गिर गया और वहां मौजूद सभी लोग मलबे में दब गये।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गांव की महिलायें प्रतिदिन की तरह पास के टीले से पोतनी मिट्टी निकाल रही थी। इसी दौरान मिट्टी का बड़ा हिस्सा भरभारा कर गर गया हादसा इतना अप्रत्याशित था कि किसी को



भी सम्भलने का मौका नहीं मिला। हादसे के समय पांच लोग मिट्टी खोदने का कार्य कर रहे थे। टीला ढहने के बाद गांव में चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत-बचाव कार्य शुरू करते हुए सभी को मलबे से बाहर निकाला। इस दुर्घटना में उत्तरा देवी (45) पत्नी नोखेलाल गीता देवी (40) पत्नी लल्लू और गीता की पुत्री अंकिता उर्फ बिट्टी (8) पुत्री लल्लू की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं अमित (10) पुत्र लल्लू और जितिया (45) पत्नी जीतलाल गम्भीर रूप से घायल हो गये हैं जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही थाना मंझनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण करते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना के बाद घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी है। घटना की गम्भीरता को देखते हुये जिलाधिकारी अमित पाल व पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। अधिकारियों ने चिकित्सकों को घायलों के बेहतर एवं त्वरित उपचार के निर्देश दिये। प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। वहीं घटना के सम्बन्ध में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

यह हादसा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं सुविधाओं की कमी को उजागर करता है। जिसमें आज भी असुरक्षित तरीके से मिट्टी खनन की जोखिमपूर्ण स्थितियों को उजागर करता है। परियोजना निदेशक के अनुसार जब गीता देवी पत्नी लल्लू को वर्ष 2017-18 में प्रधानमंत्री आवास व उत्तरा देवी पत्नी नोखेलाल को लोहिया आवास और जितिया देवी को भी वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री आवास प्राप्त हुआ था सभी को 3 किश्तें भी प्राप्त हो चुकी थी और मौके पर इनके आवास बने भी हैं तो अब सवाल या उठता हैं ।कि जब सरकार द्वारा आवास और विकास की योजनायें चलाई जा रही हैं तो आज भी ग्रामीण महिलाएं घर के लिये पुतनी मिट्टी पुताई के लिये इस तरह से अपनी जान जोखिम में डालने को क्यों मजबूर हैं। ऐसी घटनायें प्रशासनिक लापरवाही और जमीनी स्तर पर योजनाओं के कमजोर क्रियान्वयन की ओर साफ इशारा करते हैं? और आखिरकार कब तक गरीब परिवारों को अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ेगी जिस पर प्रशासनिक सतर्कता की आवश्यकता एक बार फिर सामने आई है।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1220 पंजीकृत मरीजों का हुआ इलाज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद में प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। जनपद में 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा 3 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दिनांक 03-05-2026 को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ के निर्देश के अनुसार आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है ' इस क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मूरतगंज, भरवारी एवं महगांव का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय कुमार ने अवगत कराया कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। अब मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के आयोजन में ब्लॉक स्तरीय अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के साथ-साथ अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भी पर्यवेक्षण एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है। रविवार को आयोजित होने वाले आरोग्य मेला का आशाओं, एएनएम के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार भी कराया जा रहा है। जिससे कि आम लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जनपद में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 48 चिकित्साधिकारी व 139 पैरामेडिकल कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी थी।आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल 1220 मरीज पंजीकृत हुए एवं चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया तथा 4 मरीजों को मेडिकल कॉलेज/जिला संयुक्त चिकित्सालय, मंझनपुर कौशाम्बी सन्दर्भित किया गया। डायबिटीज के 103 एवं हाइपरटेंशन के 69 मरीज पाये गये। साथ ही मेले में कुल 47 आभा आई0डी0 एवं 38 गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।



## चकथामा में मृतक परिवारों से मिलकर व्यक्त किया शोक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जनपद के चक थाम्भा गाँव में आज एक अत्यन्त दुखद हादसा हुआ, जिसमें मिट्टी खोदने के दौरान उत्तरा देवी धर्मपत्नी नोखेलाल व गीता देवी पत्नी लल्लू व पुत्री अंकिता देवी का निधन हो गया। इस दुःखद घटना की सूचना पर नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र सरोज (फौजी) ने मौके पर पहुँचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की तथा अन्तिम संस्कार में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही, इस हादसे में घायल हुई जीत लाल सरोज की धर्मपत्नी जितिया देवी के परिजनों से भी मिलकर उनका हालचाल जाना और दोनों परिवारों को यथासम्भव आर्थिक सहायता प्रदान किया। अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि पीड़ित परिवारों को हर सम्भव सरकारी सहायता दिलाई जायेगी। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेश लोधी, विजय तिवारी, रतन पहलवान एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## रवि प्रकाश सिंह बने फूलपुर के नए तहसीलदार

**सहसों।** जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत हंड़िया के तहसीलदार रविप्रकाश सिंह को फूलपुर का नया तहसीलदार नियुक्त किया गया है। उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन शुरू कर दिया है। रविप्रकाश सिंह को तेज-तर्रार और कर्मठ प्रशासनिक अधिकारियों में गिना जाता है। इससे पूर्व वे मेजा, करछना और हंड़िया तहसीलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जहां उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व और प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनगणना से जुड़े कर्मचारियों का प्रशिक्षण चल रहा है, जिसके बाद जनगणना का कार्य शुरू किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्य को सभी के सहयोग और समर्पण से सफलतापूर्वक पूरा किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे।

## बसुहार में ग्राम सभा की जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा

### गाटा संख्या 1465 व 1472 पर वर्षों से फल-फूल रहा अवैध प्लाटिंग का काला कारोबार

**स्वतंत्र भारत नेवादा कौशाम्बी।** जनपद के नेवादा ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम सभा बसुहार में गाटा संख्या 1465 मि० व 1472 की ग्राम समाज भूमि पर वर्षों से चल रहे अवैध कब्जे और प्लाटिंग के कारोबार ने अब गम्भीर रूप ले लिया है। ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और आरोप है कि भू-माफियाओं ने ग्राम सभा की बेशकीमती जमीन को अपनी कमाई का जरिया बना लिया है। सरकारी भूमि को छोटे-छोटे प्लाटों में काटकर खुलेआम बेचा जा रहा है, जबकि जिम्मेदार राजस्व विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले धीरे-धीरे अस्थायी कब्जे किये गये, फिर उन कब्जों को स्थायी निर्माण में बदल दिया गया और बाद में उसी जमीन की प्लाटिंग कर बिक्री शुरू कर दी गई। समय के साथ यह अवैध कारोबार इतना बढ़ गया कि अब ग्राम सभा की काफी भूमि पर पक्के निर्माण खड़े हो चुके हैं। आरोप है कि कई भू-माफिया संगठित रूप से इस पूरे खेल को चला रहे हैं और प्रशासनिक कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रह गई है।

मामले में सबसे ज्यादा सवाल हल्का लेखपाल की भूमिका को लेकर उठ रहे हैं। ग्रामीणों का साफ कहना है कि क्षेत्रीय लेखपाल को गाटा संख्या 1465 व 1472 की पूरी स्थिति, कब्जों और प्लाटिंग की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। गांव में यह चर्चा आम है कि बिना स्थानीय राजस्व कर्मियों की जानकारी और संरक्षण के ग्राम सभा की जमीन पर इतने बड़े स्तर पर अवैध प्लाटिंग सम्भव ही नहीं है।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायतें की गयी है, प्रशासनिक अधिकारियों से पैमाइश और कब्जा हटाने की मांग की गई, यहां तक कि राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची भी, लेकिन कार्रवाई केवल निरीक्षण और खानापूर्ति तक सीमित रही। न अवैध निर्माण रोके गये, न ही कब्जाधारकों पर कोई कठोर कानूनी कार्रवाई की गई।

ग्रामवासियों का कहना है कि ग्राम समाज की भूमि गांव की सार्वजनिक सम्पत्ति होती है, जिसका उपयोग भविष्य में विद्यालय, पंचायत भवन, सड़क, खेल मैदान और अन्य जनहित कार्यों के लिये किया जा सकता है। लेकिन गाटा संख्या 1465 व 1472 पर लगातार हो रहे कब्जों के कारण यह सार्वजनिक सम्पत्ति तेजी से समाप्त होती जा रही है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाये और सम्बन्धित राजस्व कर्मियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच हो तथा अवैध कब्जा करने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट सहित कठोर कार्रवाई की जाये।

गांव वालों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो ग्राम सभा की बची हुई भूमि भी पूरी तरह भू-माफियाओं के कब्जे में चली जायेगी। अब सबसे बड़ा सवाल यही है—क्या प्रशासन इस बड़े भू-माफिया खेल पर लगाम लगायेगा, या फिर ग्राम सभा की जमीन यूं ही बिकती रहेगी?

## 1.17 करोड़ से बनेगा बारात घर, जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने किया भूमि पूजन

**स्वतंत्र भारत टेंवा कौशाम्बी।** जनपद में विधानसभा मंझनपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत टेंवा में बारात घर का जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने भूमि पूजन किया। जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने बारात घर का भूमि पूजन कर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण मानकों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण हों व बताया कि 1.17 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह बारात घर केवल एक भवन नहीं बल्कि क्षेत्र की सामाजिक एकता,सांस्कृतिक परम्परा और जनसुविधा का प्रतीक बनेगा भारतीय जनता पार्टी की सरकार की प्रथम प्राथमिकता है कि हर वर्ग तक विकास की रोशनी पहुंचे और यह परियोजना उसी संकल्प का परिणाम है अब गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को शादी विवाह जैसे आयोजनों के लिये भटकना नहीं



पड़ेगा यह बारात घर उनकी खुशियों का साक्षी बनेगा और सामाजिक समरसता को और मजबूत करेगा व जिलाध्यक्ष ने ग्रामीणों से अपील की कि इस बारात घर को अपना समझकर इसकी साफ सफाई व देखभाल की जिम्मेदारी लें इस मौके पर कोऑपरेटिव चेयरमैन शिवमोहन मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर वीरेन्द्र सरोज फौजी, निवर्तमान विधायक मंझनपुर लाल बहादुर, जिला महामंत्री ज्योति केसरवानी, ग्राम प्रधान अवनीश तिवारी, सुनील तिवारी विजय तिवारी सहित सम्मानित कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## आपदा एवं पुलिस विभाग द्वारा संचालित जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत पूर्व निर्धारित जागरूकता गोष्ठी का हुआ सफल आयोजन

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** रिजर्व पुलिस लाइन कमिश्नरेट सभागार प्रयागराज में पुलिस एवं उ.प्र. अपराध निरोधक समिति शाखा प्रयागराज के तत्वाधान में आपदा एवं पुलिस विभाग द्वारा संचालित जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत पूर्व निर्धारित जागरूकता गोष्ठी का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईश्वर लाल गुर्जर आई पी एस रहे। अध्यक्षता आर एस वर्मा पूर्व मंडलायुक्त ने की। मुख्य वक्ता संतोष कुमार सचिव रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

.बैठक में आर एस वर्मा एव संतोष कुमार ने बताया कि अपराध निरोधक समिति के सर्वेसेवक पुलिस मित्र की भावना से आपदा के समय, शांति - व्यवस्था बनाये रखने में, भीड़ नियत्रण करने में, विशेष त्योहारों पर जैसे ईद, मुहर्रम, होली, दशहरा, मेला आदि में पुलिस के सहयोग और निस्वार्थ और केवल सेवा भावना से कार्यकरते है। साथ ही ट्रैफिक नियमो,साइबर क्राइम,महिलाओं से सम्बंधित अपराधो के बारे में विभिन्न स्कूल/कालेज/संगठनों में जा कर जागरूकता प्रदान करते है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि आज हत्या से अधिक मृत्यु रोड एक्सीडेंट में यातायात नियमो के पालन न करने से हो रही है। इसलिए यह देखना चाहिए कि हेलमेट लगाया है,बेल्ट बंधी है, रेड लाइट क्रॉस तो नही की जा रही है,निर्धारित सख्या से अधिक लोग तो नही वाहन में बैठे है।उन्होंने कहा हर थाना प्रभारी सदस्य अपने थानाध्यक्ष से मिलकर उस थाने के अधिकारियों और उस थाने से सम्बद्ध सदस्यओ का व्हाट्सअप ग्रुप बनाये जिससे उनके कार्यकलापो ,अच्छे कार्य करने वालो की जानकारी मिले और पुलिस और समिति के सदस्यो के बीच बेहतर कोआर्डिनेशन रहे। मुख्य अतिथि ने समिति के कार्यो पर प्रसन्नता व्यक्त की।आर एस वर्मा ने कहा कि जिन थानाध्यक्षो और उस थाने से सम्बद्ध



समिति के सदसयो का तालमेल अच्छा होगा और अच्छे कार्य करने वालो को पुरुस्कृत किया जाएगा।

गोष्ठी में थाना कमेटी प्रभारी कोराव नरेंद्र मिश्र, मेजा हरिशंकर यादव, खीरी सुभाष चंद्र जायसवाल, हंडिया राम सजीवन, नोडल प्रभारी गंगापार अंकित सिंह, थाना जॉर्ज टाउन से सुरेश कुमार अनन्य उपाध्याय, थाना कोतवाली से सुधा गौड़, घूरपुर कमलेश त्रिपाठी, खुल्दाबाद अमित कुशवाहा, कैंट संजय कुमार शुक्ला, कीडगंज अरुण कुमार पांडेय, मुट्ठीगंज सतीश साहू एवं हर्ष गुप्ता, शाहगंज फैजानुद्दीन अंसारी, अतरसुइया अभिषेक वर्मा, शिवकुटी मालती शर्मा शुक्ला तथा एयरपोर्ट मोहम्मद फैजान सहित विभिन्न थाना समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारी लक्ष्मीकांत मिश्रा, शोएब आलम, राजेश कुमार, अर्जुन सिंह, अजीत कुमार सिन्हा, संजय उपाध्याय, वी० के० श्रीवास्तव, अशोक कुमार शुक्ला, कयाम उद्दीन, वकार अहमद अंसारी सुभाष चंद्र कक्कड़, जितेंद्र श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, कुलदीप धार, ऊषा सिंह, मंजू रानी पांडे, प्रियंका पाराशर एवं हिंछ लाल सिंगरौर अशोक सिंह अमित विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

.कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में संदीप सोनी, अर्जुन सिंह, राकेश शर्मा, राजेश निषाद खन्ना एवं राकेश निषाद का विशेष सहयोग रहा। पुलिस लाइन सभागार की समस्त व्यवस्थाएं प्रतिसार निरीक्षक प्रथम विनोद कुमार सिंह द्वारा सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराई गईं।

अंत में डॉ० आर० एस० वर्मा द्वारा सभी अतिथियों, अधिकारियों, पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाजहित में पुलिस एवं जनता के मध्य समन्वय को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया गया।

## रोटरी प्लैटिनम द्वारा सुभाष चौराहे पर वाटर कूलर का लोकार्पण

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज यूरो ।** भीषण गर्मी के बीच आम जनमानस को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम द्वारा सिविल लाइंस स्थित सुभाष चौराहे पर ठंडे पेयजल हेतु वाटर कूलर की स्थापना एवं लोकार्पण किया गया। यह पहल राहगीरों, स्थानीय नागरिकों एवं जरूरतमंदों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है तथा सामाजिक सेवा के प्रति रोटरी क्लब की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

इस पुनीत कार्य का उद्घाटन रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 के मंडलाध्यक्ष डॉ. आशुतोष अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, ह्लरोटरी का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा पहुंचाना है। इस प्रकार की परियोजनाएं न केवल राहत प्रदान करती हैं, बल्कि समाज में सेवा भावना को भी सशक्त बनाती हैं।ह्व

कार्यक्रम की सफलता हेतु प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने बिजली, पानी एवं स्थान की स्वीकृति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि, ह्लभीषण गर्मी में ठंडे एवं स्वच्छ पेयजल की




व्यवस्था करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम द्वारा किया गया यह प्रयास समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है। ऐसी पहलें अन्य संस्थाओं को भी प्रेरित करती हैं।ह्व उनके आगमन से कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई।

रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम के अध्यक्ष डॉ. प्रतीक पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि, ह्लरोटरी का मूल उद्देश्य ह्लसेवा ही सर्वोपरिह्व है। इसी भावना के साथ क्लब निरंतर समाजोपयोगी कार्य करता रहा है। यह वाटर कूलर परियोजना आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है और भविष्य में भी ऐसे कई जनकल्याणकारी कार्य किए जाएंगे।

मीडिया प्रभारी रोटेरियन मनीष गर्ग ने बताया कि, ह्लगर्मी के इस कठिन समय में आम लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। वाटर कूलर के नियमित रखरखाव की जिम्मेदारी क्लब के सदस्यों द्वारा ली गई है, ताकि लोगों को लगातार स्वच्छ एवं ठंडा पानी उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम के सचिव रोटेरियन संजय तलवार, रोटेरियन संदीप कात्याल, डॉ. सुभाष यादव, अनुज केसरवानी, प्रमेय मित्तल, पूर्व अध्यक्ष पीयूष रंजन अग्रवाल, नितिन चोपड़ा, प्रमोद बंसल, पंकज गुप्ता, डॉ. शरद जैन, विकल्प अग्रवाल, डॉ. नितिन शर्मा, संदीप जैन एवं डीजीआरएच अजय शर्मा सहित अन्य रोटेरियन सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में भीषण गर्मी को देखते हुए पशु-पक्षियों के लिए पानी के कुंड की मांग

### जिलाधिकारी ने सी.डी.ओ. और नगर आयुक्त को दिए निर्देश

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए तहसील सदर प्रयागराज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान एक अत्यंत मानवीय और सराहनीय पहल सामने आई है। जिलाधिकारी प्रयागराज को संबोधित एक पत्र समाजसेवी सुनील कुमार वर्मा के माध्यम से मांग की गई है कि शहर के सार्वजनिक स्थलों, पार्कों और चौराहों पर पशु-पक्षियों के लिए सीमेंट के बने पानी के कुंड (Water Troughs) स्थापित किए जाएं, ताकि बेजुबान जानवरों को भीषण गर्मी में पानी के लिए भटकना न पड़े। इस संवेदनशील मांग को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी प्रयागराज ने तत्काल प्रभाव से संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने पत्र को मुख विकास अधिकारी और नगर आयुक्त, प्रयागराज को प्रेषित करते हुए निर्देशित किया है कि भीषण गर्मी को देखते हुए पशु-पक्षियों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु समुचित कदम उठाए जाएं।

**मांग का मुख्य उद्देश्य :** पत्र में उल्लेख किया गया है कि बढ़ती वैश्विक गर्मी और तापमान के कारण पशु-पक्षियों, विशेषकर बेसहारा जानवरों की स्थिति दयनीय हो जाती है। नगर क्षेत्र में पानी के प्राकृतिक स्त्रोतों की कमी के कारण सैकड़ों पशु-पक्षी हर वर्ष निर्जलीकरण का शिकार होकर अपनी जान गंवा देते हैं। यदि शहर के प्रमुख स्थानों पर सीमेंट के स्थाई कुंड बनवा दिए जाएं और उनमें नियमित पानी भरने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, तो इस संकट से बड़े पैमाने पर बेजुबानों को बचाया जा सकता है।

**अधिकारियों से अपेक्षा :** संबंधित संगठनों और आम नागरिकों ने नगर निगम और जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि- शहर के विभिन्न वार्डों और सार्वजनिक पार्कों में तत्काल प्रभाव से पानी के कुंड स्थापित हों। कुंडों में पानी भरने के लिए नियमित निगरानी की व्यवस्था हो। स्वयंसेवी संस्थाओं को भी इस अभियान से जोड़ा जाए ताकि रखरखाव बेहतर ढंग से हो सके। जिलाधिकारी द्वारा इस पत्र को सी.डी.ओ. और नगर आयुक्त को अग्रसारित किए जाने के बाद, शहर के पर्यावरण और जीव-प्रेमी नागरिकों ने प्रशासन की त्वरित तत्परता का स्वागत किया है। समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द ही इस पर अमलीजामा पहनाकर एक संवेदनशील उदाहरण पेश करेगा।

